C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 206 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार,17 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## मनरेगा पर कांग्रेस फैला रही भ्रम, नया कानून देगा गांवों को मजबूती

### 100 नहीं अब 125 दिन का रोजगार, जवाबदेही भी तय : अरुण सिंह

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विध्वंसक और नकारात्मक राजनीति कर रही है, जिसे देश की जनता पूरी तरह नकार चुकी है। यही कारण है कि हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्ली और बिहार सहित विभिन्न चुनावों में भाजपा व एनडीए को भारी बहुमत मिला है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास-केंद्रित राजनीति पर जनता ने भरोसे की मोहर लगाई है।

अरुण सिंह ने महाराष्ट्र में बीएमसी सहित अन्य निकाय चुनावों में भाजपा व एनडीए की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मनरेगा को बंद किए जाने का भ्रम फैला रही है, जबकि सच्चाई यह है कि उसकी कमियों को दूर कर नया कानून बनाया गया है। अब ग्रामीण मजदूरों को 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार मिलेगा और समय पर काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता भी दिया जाएगा, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कार्यकाल में मनरेगा भ्रष्टाचार का अड्डा बना रहा, जिसकी न कोई प्रभावी सोशल ऑडिट थी और न ही दोषियों पर कार्रवाई होती थी। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत ग्रामसभा स्वयं गांव के विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करेगी, जिससे स्कूल, वेयरहाउस, कौशल केंद्र, नर्सिंग होम और तालाब जैसे कार्य संभव होंगे। इससे गांवों का सर्वांगीण विकास होगा और विकसित



भारत 2047 के लक्ष्य को मजबूती मिलेगी। अरुण सिंह ने कांग्रेस पर भगवान राम से जुड़े मुद्दों पर भी विरोध की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह आस्था और संस्कृति के विरुद्ध है।

प्रेसवार्ता में अरुण सिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार जनहित में निरंतर निर्णय ले रही है। अब प्रदेश में न पेपर लीक हो रहे हैं, न परीक्षाओं के दौरान नेटबंदी और न ही परीक्षा प्रणाली में अनियमितताएं, जो पिछली कांग्रेस सरकार की पहचान बन चुकी थीं। वर्तमान सरकार में परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से हो रही हैं, समय पर परिणाम आ रहे हैं और युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। अरुण सिंह ने कहा कि राजस्थान में सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नई पहचान बन रही है, जो आने वाले समय में भाजपा को और मजबूती प्रदान करेगी।

## खेतों से पानी की मोटर चोरी का खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

खेतों में कुओं से पानी की मोटर चोरी की बढ़ती घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। कारोई थाना पुलिस ने मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 6 पानी की मोटरें मय केबल तथा वारदात में प्रयुक्त एक टेम्पो वाहन जब्त किया है। पुलिस ने कार्रवाई थाना प्रभारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने बताया की 11 जनवरी को दौलपुरा निवासी बबलू गुर्जर ने थाना कारोई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत के कुएं से उन्नति कंपनी की पानी की मोटर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इसी प्रकार आसपास के खेतों से भी कई मोटरें एवं केबल चोरी होने की जानकारी सामने आई। इस पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। गठित पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता लेते हुए 100 से अधिक



सीसीटीवी फुटेज खंगाले, रूट चार्ट तैयार किया तथा पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त आरोपियों से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस ने चोरी की वारदातों का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों कैलाशचन्द्र भील, सुरेश भील, पप्पु भील, राकेश उर्फ अम्बालाल भील, रतनलाल भील एवं उदयलाल भील को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी एवं अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## कैंसर के डर ने बना दिया कातिलः मां ने दो मासूमों की हत्या की बात कबूली , पुलिस ने करवाया सीन रिक्रिएशन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

मानपुरा गांव में दो मासूम बच्चों की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को सीन रिक्रिएशन मौका तस्दीक कराई। इस दौरान आरोपी मां संजू (30) पत्नी राजू उर्फ राजकुमार तेली ने वारदात का पूरा घटनाक्रम दोहराया। पुलिस ने संजू को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 11 जनवरी को पति व ससुर के घर से बाहर जाने के बाद संजू ने कमरे को अंदर से बंद किया। पहले बेटी नेहा (10) और फिर बेटे भेरू (6) का रस्सी से गला घोंटा। इसके बाद हथौड़े से लोहे के सरिए दोनों बच्चों के सीने व गले में ठोक दिए, ताकि मौत सुनिश्चित हो जाए। हत्या के बाद संजू ने ससुर को फोन कर कहा मैंने बच्चों को मार दिया है, मुझे कैंसर है और अब मैं भी मरने जा रही हूं।इसके बाद उसने फांसी लगाने की कोशिश की, लेकिन समय रहते परिजन पहुंच गए। घायल अवस्था में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से गुरुवार शाम डिस्चार्ज होने के बाद शुक्रवार



को गिरफ्तारी हुई।

पूछताछ में संजू बार-बार कैंसर का डर बताती रही। पुलिस के मुताबिक अब तक मेडिकल जांच में कैंसर की पुष्टि नहीं हुई है। जांच में सामने आया कि मुंह के पुराने छालों और सोशल मीडिया पर देखी जानकारी से उसे कैंसर का भ्रम हो गया था। परिवार ने घटना से एक दिन पहले ही उसे जांच के लिए अहमदाबाद ले जाने का निर्णय लिया था, लेकिन उससे पहले ही उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

पुलिस ने बताया कि सीन रिक्रिएशन के आधार पर केस की हर एंगल से जांच जारी है।

## दिनदहाड़े चोरी करने वाली गैंग का खुलासा , दो शातिर चोर गिरफ्तार




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने दिन के समय सूने मकानों को निशाना बनाने वाली चोरी की गैंग का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जिसे कोतवाली सर्किल भीलवाड़ा क्षेत्र से चोरी किया जाना बताया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में अभिषेक शर्मा (22) एवं कैलाश शर्मा (30) निवासी जालिया, बिजयनगर शामिल हैं। पुलिस ने बताया की बीती 1 जनवरी को गोपाल लाल जाट निवासी जालमपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 31 दिसंबर को दिन में लगभग 11 से 1 बजे के बीच वह खेत पर गया हुआ था तथा उसकी पत्नी नोहरे में कार्य कर रही थी। इसी दौरान अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर कमरे में घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व 45 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए।

चोरी गए माल में सोने का हार, रकड़ी, रामनवमी के मादलिया, झूमरियां, झेला, चांदी के पायजाम सहित अन्य कीमती सामान शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी संपत्ति संबंधी एवं अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब चोरी गए माल की बरामदगी के प्रयास कर रही है तथा आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ जारी है।

## मुजरास टोल पर 'प्रोजेक्ट रोशनी' का शुभारंभ, वाहन चालकों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

सड़क सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुजरास टोल पर सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत 'प्रोजेक्ट रोशनी' का शुभारंभ किया गया। इस परियोजना का नेतृत्व मेकिंग द डिफरेंस एनजीओ द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसे इंटरराइज़ ट्रस्ट का सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम का आयोजन बीआरटीपीएल परिसर में किया गया।

दो दिवसीय विशेष शिविर में ट्रक एवं अन्य वाणिज्यिक वाहन चालकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच एवं संपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। विशेषज्ञ मेडिकल टीम द्वारा आंखों की जांच के साथ ईसीजी, ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, बीपी जांच एवं फुल बॉडी चेकअप किया गया। जरूरतमंद चालकों को मौके पर ही निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह यादव रहे। इस अवसर पर प्रोजेक्ट हेड जयनन्दन मिश्रा, डीटीओ इंस्पेक्टर आर.के. चौधरी, आरटीओ इंस्पेक्टर अनिल शर्मा, सुरेश, लवलेश टेलर, एडीएसपी बुधराज टैंक, डीवाईएसपी सुदर्शन पालीवाल, सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर सहित प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग, मीडिया प्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं रिबन काटकर की गई। अधिकारियों ने मेडिकल टीम से शिविर की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा आधुनिक तकनीक व उपकरणों की सराहना की। उन्होंने सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के प्रति टीम की प्रतिबद्धता को भी प्रशंसनीय बताया। टोल प्रबंधक आनंद कुमार ने बताया कि शिविर में देश के विभिन्न शहरों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शामिल हुई, जिनमें डॉ. रमेश (बेंगलुरु), डॉ. विवेक (मुंबई) एवं जितेंद्र (दिल्ली) प्रमुख रहे। गणमान्य अतिथियों ने एसपीवी एवं इंटरराइज ट्रस्ट की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने में अहम भूमिका निभाएंगे।


शिविर के दौरान कुल 402 लोगों की आंखों, ब्लड शुगर एवं बीपी की जांच की गई, जिनमें से 138 लोगों को मौके पर ही चश्मे प्रदान किए गए, जबकि 102 लोगों के लिए चश्मे बनवाने के ऑर्डर दिए गए, जिन्हें कूरियर के माध्यम से उनके घर तक पहुंचाया जाएगा।

## इक्को कार ने बाइक को मारी टक्कर, जीजा-साला गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव में पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार शाम को एक तेज रफ्तार इक्को कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार जीजा-साला गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने निजी वाहन से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।





सूचना मिलने पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंप के पास पीछे से आई तेज रफ्तार इक्को कार ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे, जिससे उनके हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर फरार हो गया, जिसे पुलिस ने अगरपुरा पुलिया के पास रुकवा, वाहन जब्त किया है। घायल साला बद्रीलाल (50) पुत्र लालू गुर्जर, निवासी सातोला का खेड़ा तथा जीजा रामलाल (55) पुत्र लादूलाल गुर्जर, निवासी भीलवाड़ा बताए गए हैं। बताया गया कि इक्को कार से एक गर्भवती महिला को भीलवाड़ा के चिकित्सालय ले जाया जा रहा था, जबकि बाइक सवार इदौकड़ा की झोपड़ियों से नई दुल्हन को लेकर अपने गांव सातोला का खेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

C M Y K

# ड्रग लाइसेंस पर बड़ी राहत, नए लाइसेंस व नवीनीकरण पूर्ववत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान के केमिस्टों को बड़ी राहत मिली है। राजस्थान केमिस्ट एलाइंस के सतत प्रयासों के बाद राज्य सरकार ने ड्रग लाइसेंस से जुड़े अहम मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए नए लाइसेंस जारी करने और पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण की प्रक्रिया को पूर्ववत जारी रखने का आश्वासन दिया है। साथ ही केवल कमर्शियल परिसर की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी गई है।

भीलवाड़ा जिला केमिस्ट संगठन के सचिव राकेश काबरा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गुप्ता एवं प्रदेश सचिव धनपत सेठिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जयपुर स्वास्थ्य भवन में आयुक्त डॉ. टी. शुभ मंगला सहित वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता की, जिसमें केमिस्टों की व्यावहारिक समस्याएं रखी गईं। सरकार ने स्पष्ट किया कि ड्रग लाइसेंस प्रक्रिया में कोई कठोर बदलाव नहीं होगा। इसे केमिस्ट हित, जनस्वास्थ्य एवं दवा व्यापार को आवश्यक सेवा मानते हुए लिया गया निर्णय बताया गया। केमिस्ट एलाइंस ने इस फैसले के लिए राज्य सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया है।

## पडेर में विराट हिंदू सम्मेलन कल, आज निकलेगी वाहन रैली

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर



**(गजानंद जोशी)** पडेर में बजरंग वाटिका में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर समस्त हिंदू समाज द्वारा आयोजन की रूपरेखा पूर्ण कर ली गई है। सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया जाएगा, जबकि इसके प्रचार-प्रसार के तहत शनिवार को नगर में भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी।

आयोजन समिति की ओर से कस्बे में पीले चावल देकर समाजजनों को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया। सम्मेलन को संत हरिदास महाराज का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

हिंदू सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को अंतिम बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में प्रचार-प्रसार समिति, आयोजन समिति सहित विभिन्न समितियों के गठन पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि शनिवार को आयोजित वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी और विराट हिंदू सम्मेलन का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगी। बैठक में लोकेश शर्मा, सत्यनारायण सुवालका, दिनेश शर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, चांदमल जाट, रमेश तिवारी, कैलाश तिवारी, सुखदेव बेरवा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## अवैध तेज धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।



**गर्वित** । शहर में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बोरखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध तेजधारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं हथियारों की धरपकड़ के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 16 जनवरी को थाना पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ओमप्रकाश पुत्र मदन लाल बैरवा (उम्र 30 वर्ष), निवासी बालाजी आवास सेकेंड को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तेजधारदार चाकू बरामद किया गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया है। साथ ही हथियार की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। अनुसंधान पूरा होने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## विद्यार्थियों को जर्सी टोपी वितरण कार्यक्रम संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



**रमेश गुर्जर** । क्षेत्र के धारला विद्यालय परिसर में शुक्रवार को जोगणियां माता वन विभाग चौकी के वनपाल नारायण सिंह के द्वारा विद्यालय के बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु जर्सी टोपी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर वनरक्षक राजेंद्र सिंह, वन सुरक्षा प्रबंध समिति धारला के अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोलंकी, कोमल गुर्जर, मनोज गुर्जर, देवीलाल पुजारी, धारला विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार मीणा, विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

## स्वर्णकार महिला संगठन द्वारा आंगनवाड़ी के नन्हे बच्चों को वितरित किए स्वेटर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



स्वर्णकार महिला संगठन द्वारा समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए सुभाष नगर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। यह सेवा कार्य सुभाष नगर स्थित श्रीराम मंदिर के प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

स्वर्णकार महिला संगठन की प्रतिनिधि प्रेमलता टाक ने बताया कि संगठन की सदस्यों द्वारा निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों को सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से स्वेटर प्रदान किए गए । इस सेवा कार्यक्रम में संगठन की सक्रिय सदस्यों चंद्रकांता सोनी, पिंकी सोनी, श्यामा सोनी, इंदिरा सोनी, पूनम सोनी, मंजू सोनी, यशोदा सोनी,साधना सोनी, राजश्री सोनी सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# काछोला बस स्टैंड पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित

### सर्व समाज की सहभागिता, गाजे-बाजे के साथ निकली वाहन रैली

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



**विक्रम सिंह।** कस्बे के बस स्टैंड परिसर में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का विधिवत स्थापना समारोह हर्षोल्लास और श्रद्धा के वातावरण में संपन्न हुआ । सर्व समाज के लोगों की उपस्थिति में विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रतिमा की स्थापना की गई ।

इस ऐतिहासिक अवसर पर कस्बे सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम महाराणा प्रताप स्मारक अभियान संस्था एवं काछोला ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । लक्ष्मणगढ़ चौराहे से प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ वाहन रैली के रूप में स्थापना स्थल तक लाया गया । रैली के दौरान मार्ग में पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरे कस्बे में देशभक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला जगह-जगह नागरिकों ने रैली का स्वागत कर महाराणा प्रताप अमर रहें के जयघोष लगाए । कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान, त्याग और मातृभूमि के प्रति उनके अद्वितीय समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रभक्ति और आत्मसम्मान की प्रेरणा देती रहेगी ।

वहीं आयोजन समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिमा के भव्य अनावरण समारोह को लेकर तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई हैं अनावरण कार्यक्रम को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है ,कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गांव-गांव आमंत्रण देने, मंच, सजावट, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं पर कार्य शुरू कर दिया गया है । प्रतिमा स्थापना के साथ ही काछोला क्षेत्र में गौरव और इतिहास से जुड़ाव की भावना और अधिक सशक्त हुई है, वहीं आगामी अनावरण समारोह को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, काछोला ग्राम पंचायत प्रशासक रामपाल बलाई, आयोजन समिति के संरक्षक वंश प्रदीप सिंह सोलंकी ,सार्वजनिक धर्मशाला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ( गुड्डू बन्ना ) ,डॉक्टर एन के सोनी ,करणी सेना प्रवक्ता हेमेंद्र सिंह ,सावन मंत्री ,सम्पत सिंह सोलंकी ,अमर सिंह सोलंकी, सत्यनारायण वैष्णव ,घनश्याम पोरवाल ,कन्हैया लाल धाकड़ ,कैलाश प्रजापत? हेमेंद्र सिंह सोलंकी ,विजयराज सोनी ?भगवान मंत्री ,सत्यनारायण बलाई हरीश चौधरी ,कैलाश धाकड़ ,पप्पू धाकड़ प्रेमचंद धोबी ,सांवर भील, सोनू धोबी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे ।

# मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में गड़बड़ी का दावा,एक दिन में हजारों फॉर्म जमा करने का आरोप, कांग्रेस ने उठाए सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।





कस्बे में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया में नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ब्लॉक समन्वयक कैलाश चौधरी के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बिना ठोस कारण एवं विवरण के बड़ी संख्या में फॉर्म 7 जमा किए जाने पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई, साथ ही एसडीएम कार्यालय में जमा फॉर्म 6, 7 एवं 8 की संकलित सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान प्रदेश में मतदाता पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित की जा रही है। 12 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है तथा दावे एवं आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 12 दिसंबर से 15 जनवरी तक निर्धारित रही। इलेक्ट्रोल मैनुअल 2023 के पैरा 11.3.2 (2) के अनुसार बल्क आवेदन स्वीकार नहीं किए जा सकते। व्यक्तिगत मतदाता केवल एक ही फॉर्म प्रस्तुत कर सकता है, जबकि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए -2 प्रतिदिन अधिकतम 10 फॉर्म ही जमा कर सकते हैं।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि नियमों के विपरीत एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक ही दिन में सैकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में फॉर्म 6 एवं 7 बल्क में प्रस्तुत किए गए, जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है। ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसे नियम विरुद्ध जमा आवेदनों पर किसी भी प्रकार का संज्ञान न लिया जाए, सभी नियम विरुद्ध फॉर्म 6, 7 एवं 8 की संकलित सूची नियमानुसार कांग्रेस पार्टी को उपलब्ध करवाई जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जाए।

ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री शक्ति नारायण शर्मा, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, नगर अध्यक्ष अनिल कुमार राव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष छीतर लाल कुम्हार, प्रदेश सचिव पर्यावरण प्रकोष्ठ विशाल तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामफूल धाकड़ सहित घनश्याम सिंह, रणजीत सिंह, देवीलाल मेवाड़ा, सत्यनारायण मेवाड़ा, सत्तर मोहम्मद, मनीष टॉक, मुकेश बागड़ी, प्रदीप शर्मा, जसवंत सिंह सोलंकी, बाबूलाल नायक, राजू, रोहित, मनोज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला कलेक्टर संधू ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए सख्त निर्देश



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने अधिक पेंडेंसी वाले विभागों पीएचईडी, पंचायत राज, नगर विकास न्यास (यूआईटी) एवं नगर निगम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि संपर्क पोर्टल के प्रकरणों की प्रतिदिन प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा कम से कम समय में उनका निस्तारण किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित राहत मिल सके। जिला कलेक्टर ने जिले के पंच गौरव उत्पादों को राज्य सरकार को भिजवाए गए प्रस्तावों की भी समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन (शहरी एवं ग्रामीण), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर लक्ष्य अनुरूप बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सिटी) प्रतिभा देवटिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी, डीएफओ मारिया शाइन, नगर विकास न्यास ओएसडी चिमनलाल मीणा सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गुर्जर समाज सुधार कमेटी ने कुरीतियों की रोकथाम को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

गुर्जर समाज सुधार कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों की रोकथाम की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा।

एडवोकेट नरेन्द्र गुर्जर एवं सामाजिक कार्यकर्ता महावीर गुर्जर ने बताया कि समाज में प्रचलित बाल विवाह, झगड़ा प्रथा, मृत्यु भोज बैठक पर अफीम सभा तथा मृत्युभोज जैसी सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि समाज के कुछ लोग इन कुरीतियों को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे गुर्जर समाज सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़ता जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जो भी व्यक्ति सामाजिक कुरीतियों को बढ़ावा देगा अथवा कानून का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच मोहन गुर्जर, गिरधारी गुर्जर, अमरचंद गुर्जर, सुखदेव गुर्जर, ओमप्रकाश बेरां, हरि राक्षी, विनोद गुर्जर सहित समाज के कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## उपखंड अधिकारी ने एसआईआर ड्राफ्ट सूची से वंचित मतदाताओं से की मुलाकात

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।




**(सांवर वैष्णव)**। कोटड़ी उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत सवाईपुर कार्यालय में विशेष रूप से एसआईआर ड्राफ्ट मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हो पाए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संबंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सुपरवाइजर महेंद्र बैरवा ने बताया कि ग्राम पंचायत सवाईपुर क्षेत्र में ड्राफ्ट सूची में नाम नहीं जुड़ने वाले, विशेषकर घुमंतू जाति के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उपखंड अधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों के नाम नियमानुसार सूची में शामिल कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान बीएलओ गोपाललाल जाट, रुद्रांश त्रिवेदी सहित संबंधित मतदाता उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मतदाताओं से अपील की कि वे समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर अपने मताधिकार को सुनिश्चित करें।

## किशोरी बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य व किशोरावस्था जागरूकता गतिविधि आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अंतर्गत शहर के विद्यार्थियों के लिए संचालित जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, तहनाल गेट में किशोरी बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा परियोजना के तहत किए जा रहे विकास कार्यों से होने वाले लाभों की जानकारी दी गई। इसमें विद्यालय की समस्त किशोरी छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ब्लॉक समन्वयक आईशा खान ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अच्छी सेहत का मूल मंत्र व्यक्तिगत स्वच्छता है, जो कोई कोर्स नहीं बल्कि जीवनभर अपनाई जाने वाली आदत है। स्वच्छता अपनाने से कई प्रकार की बीमारियों और जोखिमों से बचा जा सकता है। उन्होंने मासिक धर्म से जुड़ी जानकारी देते हुए इसके लक्षणों और इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर भी प्रकाश डाला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिव्या सिसोदिया ने एनीमिया के कारणों, 16 वर्ष की आयु में टीकाकरण, संतुलित व पौष्टिक आहार तथा किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के बारे में जानकारी दी। वहीं महिला सुपरवाइजर पूजा मीणा ने छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान किया।

सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट महेंद्र सिंह राणावत ने नगरीय स्वच्छता से जुड़े पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मलजल को एकत्र कर जहाजपुर रोड पर बन रहे एफएसटीपी में उपचारित किया जाएगा, जिससे गंदगी से राहत मिलेगी और वातावरण स्वच्छ रहेगा।

नगर पालिका के कनिष्ठ अभियंता प्रहलाद गुलपरिया ने ठोस एवं तरल कचरा निस्तारण, कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिका लीला व्यास का विशेष सहयोग रहा। अंत में प्रधानाचार्य अनिल बघेरवाल ने अतिथियों एवं सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।




## शीतल यश जैन महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन , अध्यक्ष बनी श्वेता

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



शीतल यश जैन महिला मंडल, काशीपुरी का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह शीतल स्वाध्याय भवन में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।


कार्यक्रम में आगामी दो वर्षों के लिए महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से स्वाध्याय संघ की अध्यक्षा इन्दिरा बापना के सानिध्य में किया गया। नई कार्यकारिणी में संरक्षिका के रूप में द्य संतोष सिंघवी एवं संतोष चीपड़, मार्गदर्शिका द्य सुनीता बोरदिया को मनोनीत किया गया।

अध्यक्ष पद पर श्वेता नैनावटी, उपाध्यक्ष रेखा चौधरी, मंत्री सुनीता गांधी, सहमंत्री श्रीमती शिल्पा डांगी, कोषाध्यक्ष ममता लोढ़ा, सह कोषाध्यक्ष प्रियंका पानगड़िया, शिक्षा मंत्री कविता सूर्या एवं मंजू कोठारी तथा प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में द्व भारती आंचलिया एवं अन्नू मेहता को नियुक्त किया गया।

निवर्तमान मंत्री रेखा चौधरी ने विगत वर्ष में मंडल द्वारा आयोजित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की। वहीं कोषाध्यक्ष सुनीता गांधी ने गत वर्ष का आय-व्यय का लेखा-जोखा सदन के समक्ष रखा। इस अवसर पर प्रमिला कोचिटा एवं श्रीमती अल्का डोसी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मनीष बंब ने बताया की स्नेह मिलन समारोह में अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में पुष्पा बापना, प्रमिला सिसोदिया, अरूणा सिसोदिया, मधु हिरण, सुमन बाबेल, अनिता बाबेल, इन्दिरा लोढ़ा, निलम मेहता, इन्दु नैनावटी, अलका बम्ब, दीपा सिसोदिया, निर्मला डोसी, रजनी डोसी, समता भंडारी सहित 70 से अधिक बहिनें उपस्थित रहीं।

## अफीम की फसल पर खिले सफेद फूल, काले सोने की रखवाली में जुटे किसान





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)**। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अफीम की फसल पर सफेद फूल खिलने लगे हैं। खेतों में फैली अफीम की महक से वातावरण सुवासित हो गया है। लाइसेंसधारी किसानों द्वारा बोई गई यह फसल उनकी आय का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। खेतों में खिले सफेद फूल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिन पर भंवरे व ततैया रस चूसने के लिए मंडरा रहे हैं। अफीम किसान संघर्ष समिति राजस्थान प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष बद्रीलाल तेली ने बताया कि सवाईपुर के साथ ही सोपुरा, सालरिया, डसाणिया का खेड़ा, बड़ला, बनकाखेड़ा, खजीना, नोहरा, जावल और किशनगढ़ गांवों में अफीम की फसल इन दिनों लहलहा रही है। बहुमूल्य 'काले सोने' पर सफेद फूल आने से अफीम उत्पादक किसानों में खुशी का माहौल है। फूल झड़ने के बाद डोडा विकसित होगा, जिस पर विधि-विधान से मां काली की पूजा-अर्चना कर किसान डोडों पर चीरा लगाकर अफीम का दूध संग्रहित करेंगे। इस बहुमूल्य फसल की सुरक्षा को लेकर किसान इन दिनों रातजगा कर रहे हैं। ठंडी रातों में किसान खेतों में डटे रहकर जंगली जानवरों व असामाजिक तत्वों से फसल की रखवाली कर रहे हैं। कई किसानों ने खेतों के चारों ओर तारबंदी भी कर रखी है, ताकि उनकी मेहनत का पूरा फल मिल सके।

सवाईपुर निवासी अफीम काश्तकार रामलाल माली ने बताया कि नीलगायों से फसल बचाने के लिए किसान तरह-तरह के देसी उपाय अपना रहे हैं। कहीं पटाखे छोड़े जा रहे हैं, तो कहीं पक्षियों व जानवरों को दूर रखने के लिए खेतों के चारों ओर साड़ियां लपेटी जा रही हैं। कुछ किसान ऑडियो-वीडियो चलाकर तो कुछ लोहे की तारबंदी कर फसल की सुरक्षा कर रहे हैं।

रात के समय नीलगायों के झुंड खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाते हैं, ऐसे में किसान पूरी सतर्कता के साथ 'काले सोने' की रखवाली में जुटे हुए हैं।

## फ्लावर शो प्रदर्शनी में एसएमपीएस प्राइमरी विंग को गोल्ड अवार्ड

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




श्री महेश सेवा समिति द्वारा संचालित श्री महेश पब्लिक स्कूल के प्राइमरी विंग द्वारा शहर में आयोजित फ्लावर शो प्रदर्शनी में अत्यंत सुंदर एवं आकर्षक पौधों का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में फूलों एवं सजावटी पौधों की सृजनात्मक सजावट कर सभी का मन मोह लिया।

श्री महेश सेवा समिति के निदेशक व विद्यालय प्रभारी दिनेश शारदा ने बताया कि विद्यालय द्वारा प्रदर्शनी में रंग-बिरंगे फूलों एवं सुसज्जित पौधों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों एवं निर्णायकों ने सराहा। उत्कृष्ट एवं रचनात्मक पुष्प प्रदर्शनी के लिए विद्यालय को गोल्ड अवार्ड प्रदान किया गया।

प्रदर्शनी के अंतर्गत आयोजित पुष्प सजावट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रथम दिन आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 5 की अक्षिता काबरा, आरवी लड्डा एवं गर्विता वैष्णव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय दिन आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम स्थान भगत सिंह काबरा, अनन्या माहेश्वरी, मानसी सागर वानखेडे, द्वितीय स्थान हर्षिता माहेश्वरी, शिवांश माहेश्वरी, आरुष गवारिया, तनस्वी जैन तथा तृतीय स्थान यशस्वी सिंह राठौड़, परीक्षित माली ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार साहिल अजमेरा, देवश्री सुवासिया, प्रभास शर्मा एवं विधि सोनी को प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों की रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

श्री महेश सेवा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल एवं सचिव राजेंद्रकुमार कचौलिया सहित समस्त टीम ने विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल बच्चों में प्रकृति प्रेम, रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देती है। फ्लावर शो में उपस्थित अतिथियों एवं शहरवासियों ने भी विद्यालय के इस सराहनीय प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



# राजनेट परियोजना के इंजीनियरों का आक्रोश, कम वेतन व थर्ड पार्टी शोषण के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की राजनेट परियोजना के अंतर्गत कार्यरत नेटवर्क सपोर्ट इंजीनियर एवं नेटवर्क फील्ड इंजीनियरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को संयुक्त निदेशक, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, को ज्ञापन सौंपा। कार्मिकों ने लंबे समय से कम वेतन, थर्ड पार्टी व्यवस्था के तहत हो रहे शोषण एवं श्रम कानूनों के उल्लंघन को लेकर रोष व्यक्त किया।




इंजीनियरों ने बताया कि पूर्व में संचालित राजस्वान एवं राजनेट परियोजनाओं को एकीकृत कर अब राजनेट के नाम से संचालित किया जा रहा है, जो पूरे प्रदेश में डिजिटल कनेक्टिविटी की मजबूत रीढ़ है। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यरत इंजीनियर सरकारी कार्यालयों और ग्राम पंचायतों में निर्बाध डिजिटल सेवाएं सुनिश्चित कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पिछले करीब दस वर्षों से अत्यंत अल्प वेतन पर कार्य करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि परियोजना का टेंडर स्टरलाइट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को मिला हुआ है, जिसने मैनपावर से संबंधित कार्य प्रताप टेक्नोक्रेट्स प्राइवेट लिमिटेड को सौंप रखा है। इस थर्ड पार्टी व्यवस्था के चलते कर्मचारियों का निरंतर शोषण हो रहा है और न्यूनतम वेतन अधिनियम सहित अन्य श्रम कानूनों का भी पालन नहीं किया जा रहा।

कार्मिकों ने मांग की कि उन्हें सम्मानजनक वेतन वृद्धि प्रदान की जाए, थर्ड पार्टी सिस्टम समाप्त कर मुख्य टेंडर कंपनी के ऑन-रोल पर नियुक्त किया जाए तथा समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इंजीनियरों ने कहा कि कम वेतन के कारण वे गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

## माण्डलगढ़ में एसआई आर में अनियमितता का आरोप , कॉंग्रेस ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।**

निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए एसआईआर कार्यक्रम में अनियमितता का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को माण्डलगढ़ में कांग्रेसजनों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौपा ।

माण्डलगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रफीक टांक ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रामलाल जाट के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माण्डलगढ़ के पदाधिकारियों ने उपखंड कार्यालय पर एसडीएम को ज्ञापन दिया।



उपखण्ड अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में आरोप लगाया कि भाजपा सरकार राजस्थान में कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम काटने का प्रयास कर रही है। उपखंड अधिकारी से सभी बीएलओ को निष्पक्ष मतदाता सूची तैयार करने की मांग की। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक बक्षु जाट, पूर्व उप प्रधान भैरूलाल जाट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जफर हुसैन टांक, मोहसिन मंसूरी, सत्यनारायण माली, पार्षद अरुण व्यास, नगर अध्यक्ष विनय झवर, अलका लढा,विनोद धोबी, प्रदीप मीणा, निसार खान, रईस मोहम्मद मंसूरी, कन्हैयालाल खटीक, मुकेश खटीक, अब्दुल कयूम लोहार ,सलाम लोहार, मनजीत गुर्जर, शैतान मीणा, इस्लाम मोहम्मद, प्रदीप सुथार शिवराज गुर्जर व दुर्गेश कंजर सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे ।

## आदर्श क्रेडिट पीड़ितों का बड़ा आंदोलन, 18 से साँवरिया सेठ के दरबार में अनिश्चितकालीन धरना

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**(किशन)** आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के पीड़ित निवेशकों ने अपने जमा धन की वापसी की मांग को लेकर 18 जनवरी से चित्तौड़गढ़ जिले के मण्डफिया स्थित श्री साँवरिया सेठ जी के दरबार में अनिश्चितकालीन धरना एवं अनशन शुरू करने का ऐलान किया है। इस आंदोलन में देशभर की 809 शाखाओं से जुड़े लगभग 21 लाख पीड़ित निवेशक, एडवाइजर एवं कर्मचारी शामिल होंगे।

पीड़ितों का कहना है कि वे पिछले आठ वर्षों से न्यायपालिका, सरकार और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। मजबूर होकर अब उन्होंने भगवान श्री साँवरिया सेठ जी के दरबार में अर्जी लगाकर न्याय की गुहार लगाने का निर्णय लिया है। अर्जी देने के पश्चात पीड़ित अनशन पर बैठेंगे। यह आंदोलन आदर्श पीड़ित निवेशक संघ, राजस्थान के बैनर तले किया जा रहा है।



पीड़ित निवेशकों की प्रमुख मांगों में आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी पर नियुक्त लिक्विडेटर को हटाकर नया प्रशासक नियुक्त करना, जब्त की गई समस्त संपत्तियों को मुक्त कर सभी प्रॉपर्टी बेचकर निवेशकों का भुगतान करना तथा सभी शाखाओं को पुनः खोलकर ब्याज सहित शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है।

इसी क्रम में आदर्श पीड़ित निवेशक संघ, राजस्थान की शाहपुरा शाखा के पीड़ित निवेशकों ने प्रधानमंत्री, सहकारिता मंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन विधायक शाहपुरा बनेड़ा डॉ. लालाराम बैरवा एवं तहसीलदार के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन देते समय प्रहलादराय सनाढ्य, गोपाल लाल शर्मा, माधवप्रसाद शर्मा, दिनेश सिंह भाटी, राजेन्द्र मूंदड़ा, शेर सिंह राठौड़, सुनील शर्मा, आशीष लखारा, रघुनन्दन शर्मा, किशनलाल कहार, भानु सिंह राठौड़, संदीप गदिया, गोविन्द चेचाणी, बंशी लाल कोली सहित बड़ी संख्या में पीड़ित निवेशक उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत विद्यालय में जागरूकता गतिविधि, विद्यार्थियों को दिलाई शपथ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के निर्देशानुसार राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुवाना में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह एक सामाजिक अभिशाप है, जिसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का जागरूक होना आवश्यक है। गतिविधि के अंतर्गत बच्चों के साथ खेल-आधारित गतिविधियाँ आयोजित कर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गई तथा बाल विवाह को रोकने के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को यह भी अवगत कराया गया कि बाल विवाह की किसी भी जानकारी के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दी जा सकती है, जहां सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाता है।




इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया एवं सुपरवाइजर राधेश्याम गुर्जर ने बच्चों को विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या सरोज लड्ढा, अध्यापिका शशिकला एवं अध्यापक चेतन उपस्थित रहे।

इस दौरान कक्षा 9 की छात्रा खुशी जाट को राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित भी किया गया।

# बजरंग दल भीलवाड़ा महानगर का कबड्डी महोत्सव आज से

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जब खेलेगा भारत, तभी तो बढ़ेगा भारत के संकल्प के साथ बजरंग दल द्वारा अखिल भारतीय योजनानुसार युवा दिवस 12 जनवरी से 23 जनवरी तक देशभर में विभिन्न खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बजरंग दल महानगर द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 17 व 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक चित्रकूट धाम बास्केटबॉल स्टेडियम में किया जाएगा। बजरंग दल महानगर संयोजक मुकेश प्रजापत ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, शारीरिक सुदृढ़ता, टीमवर्क एवं राष्ट्रभाव का विकास करना है। विहिप महानगर प्रचार-प्रसार प्रमुख विराट सोनी ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में महानगर के सातों प्रखंडों की कुल 20 टीमें उत्साहपूर्वक भाग लेंगी।



प्रतियोगिता में विजेता टीम को हनुमान जी की गदा पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी। बजरंग दल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने हेतु निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों एवं समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया है।

QUICK BITES

## फसल खराबा गिरदावरी के बाद भी मुआवजा नहीं, किसान परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



क्षेत्र में फसल खराबा की गिरदावरी पूरी हो जाने के बावजूद अब तक मुआवजा राशि नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। मक्का, मूंगफली सहित अन्य फसलें वर्षा के कारण दो बार गलकर पूरी तरह खराब हो गई थीं, लेकिन सत्र 2025 का फसल खराबा मुआवजा अभी तक किसानों को नहीं मिल पाया है।

स्थानीय नगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं नगर अध्यक्ष गुलाम नबी ने बताया कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 77 प्रतिशत फसल खराबा हुआ है, जिसकी विधिवत गिरदावरी भी हो चुकी है। इसके बावजूद काश्तकारों को अब तक राहत राशि नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि जहाजपुर क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम फसल खराबा हुआ, वहां किसानों को मुआवजा मिल चुका है, जबकि इस तहसील के किसान आज भी इंतजार कर रहे हैं। अन्य तहसीलों में आपदा राहत के आदेश जारी हो चुके हैं, लेकिन यहां के किसानों को लाभ नहीं मिला।

फसल खराबा राहत राशि से वंचित किसान अब मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते सहायता राशि नहीं मिली तो उनकी आर्थिक स्थिति और अधिक बिगड़ जाएगी।

भारतीय किसान संघ के जिला प्रचार प्रमुख श्यामलाल सुथार ने सरकार पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि मुआवजा नहीं मिलने से किसान पहले से ही आर्थिक संकट में हैं। खाद की किल्लत के चलते किसानों को महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। यदि पूर्व फसल खराबे का मुआवजा मिल जाए तो किसानों को कुछ राहत मिल सकती है।

किसानों ने प्रशासन से शीघ्र फसल खराबा मुआवजा जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।

## कैरियर गाइडेंस सेल की पहल: छात्राओं को मिला डिजिटल प्रशिक्षण

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




सेठ मुरलीधर मानसिंह राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में उद्यमिता एवं कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने की।

प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. शोभा गौतम ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को डिजिटल व्यापार से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा।

सत्र के दौरान छात्राओं को सोशल मीडिया मार्केटिंग, ऑनलाइन विज्ञापन, कंटेंट क्रिएशन एवं ई-कॉमर्स जैसे विषयों की जानकारी सरल भाषा में दी गई। कार्यक्रम में 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया।

कंप्यूटर विशेषज्ञ अनु राठौर एवं शिवानी ओझा ने छात्राओं को डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान कृष्ण शर्मा, रीना सालोदिया, नीलम, रेखा चावला, सतीश शर्मा सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल की साधारण बैठक एवं मकर संक्रांति उत्सव आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




**(पंकज पोरवाल)** संजय कॉलोनी माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष रेनू कोगटा की अध्यक्षता में सत्र 2023-26 की अंतिम साधारण बैठक, मकर संक्रांति पर्व एवं वार्षिक भोज का आयोजन स्थानीय भवन में किया गया।

मंडल की सचिव अनुपमा मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 70 सदस्याओं की उपस्थिति रही। मकर संक्रांति के अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किए गए।

इसके पश्चात सत्र की साधारण बैठक आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर परिचर्चा की गई तथा सदन के समक्ष तीन वर्षों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक के समापन के बाद सभी सदस्यों ने सामूहिक भोज का आनंद लिया।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष मधु हिंगड़, संरक्षक जतन हिंगड़ सहित मधु लढ़ा, अनीता नौलखा, इंदिरा भदादा, कांता भदादा, मंजू झंवर, आशा राठी, ललिता डाड, मीता अटल, नीलम दरगड, टोनिका झंवर, प्रियंका मालू, सरोज समदानी, मंजू दरक, निधि कोगटा, अदिति लढ़ा, शिवानी समदानी, गायत्री लौंगड, विजया सोमानी, रितिका झंवर, सोनल सोडाणी, नेहा झंवर, संगीता सामरिया, सुनीता मुंद्रडा, समता माहेश्वरी, नेहा तोषनीवाल, अंकित तोषनीवाल, संगीता मुंद्रडा, डिंपल डाड, लाड भंडारी, हेमा भंडारी, आशा डाड, भावना बांगड, सुनीता भदादा, स्नेहलता भंडारी, स्नेहलता समदानी, किरण भदादा सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।